CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2007 - Set 200/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए अधिकतम 10-10 शब्दों में दीजिए :

(क) सरल रेखाओं में 'न' हुक के स्थान पर 'स' वृत्त क्या प्रकट करता है ?

(ख) 'क' रेखा से पहले 'ह' आए तो 'ह' ऊपर को लिखा जाएगा अथवा नीचे को ?

(ग) सीधी रेखाओं के अंत में 'स' आने पर वृत्त को किस ओर लिखा जाता है ?

(घ) यदि किसी शब्द के अंत में 'न' पर स्वर हो तो रेखा का प्रयोग होगा या हुक का ?

(ङ) 'र' हुक रेखा के प्रारंभ में लगता है या अंत में ?

(च) क रेखा पर बायीं गति से प्रारंभ में बड़ा हुक किस व्यंजन को प्रकट करता है ?

2(क). हुक 'फ' सरल रेखाओं में किस दिशा में लगाया जाता है ? उदाहरण दीजिए।

2(ख). 'न' तथा 'फ' हुकों में क्या अंतर है ? इसके प्रयोग सरल रेखाओं के साथ उदाहरण देकर लिखिए।

2(ग). 'म' रेखा को गहरा करने पर किन व्यंजनों का योग होता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

3(क). व्यंजन 'म्प' तथा व्यंजन 'अ' को किन-किन व्यंजनों की ध्वनियों के लिए दुगना किया जाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3(ख). ऐसी व्यंजन रेखाओं के उदाहरण दीजिए जिनको मोटा और आधा करने पर 'द' तथा 'ड' का योग होता है।

4. उपसर्ग किसे कहते हें ? स्वर 'अ' की उपसर्ग के रूप में विशेषता बताइए। उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

OR

4(क). महा, राष्ट्र तथा राज शब्दों का उपसर्ग के रूप में प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द एवं उनके आशुलिपि रूप लिखिए।

4(ख). संक्षिप्ताक्षर की परिभाषा स्पष्ट करते हुए रक्षा शब्द का संक्षिप्ताक्षर रूप आशुलिपि में लिखिए और उस पर उपसर्ग 'स' तथा 'अ' जोड़कर संक्षिप्ताक्षर वाले दो-दो शब्द तथा उनके आशुलिपि रूप लिखिए।

5(क). गत, गति को आशुलिपि में आधी 'ग' व्यंजन रेखा से उपसर्ग एवं प्रत्यय के रूप में जिस प्रकार प्रकट किया जाता है उसके चार उदाहरण दीजिए।

5(ख). निम्नलिखित संख्याओं को आशुलिपि में लिखिए :

(1) चार लाख

(2) दो हजार

(3) तीन लाख दो हजार

(4) पांच करोड़

6(क). निम्नलिखित शब्दों को काट का प्रयोग करके आशुलिपि में लिखिए :

(1) जहाज का कप्तान

(2) मनीआर्डर फार्म

(3) शिक्षा बिल

(4) सुरक्षा परिषद्

6(ख). निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(1) खट-पट

(2) आकाश-पाताल

(3) भाई-बहिन

(4) न्याय-अन्याय

6(ग). निम्नलिखित शब्दों को स्वर के द्वारा अंतर करके आशुलिपि में लिखिए :

(1) धर्म-अधर्म

(2) नीति-अनीति

(3) स्पष्ट-अस्पष्ट

(4) वैध-अवैध

7. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए :

(1) सवाल नहीं होना चाहिए

(2) इस तरह की बात

(3) बनाये रखने के लिए

(4) इस शुभ अवसर पर

(5) अपने सामने रखना चाहता हूँ

(6) इस जमाने में

- End of Question Paper -